हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 8 अगस्त 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

11 शिक्षा पर चर्चा के लिए मगरलोड के शिक्षक पहुंचे पालकों के द्वार



12 शहर में प्रदूषण का स्तर बढ़ा, दर्जन भर वार्ड चपेट में




कामटेक महाविद्यालय

First AICTE Approved College

संबद्धता-उच्च शिक्षा छ.ग. शासन एवं पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि.

B.Sc | BCA | B.Com | PGDCA | DCA

सीमित सीटें

ST, SC, OBC 100% UPTO SCHOLARSHIP BASE ADMISSION

आज ही संपर्क करें प्रातः 10 से 2 बजे

अंबेडकर चौक, लोरिद पुल के पास लोरिद नगर धमतरी, मो. 9425503082


## खबर संक्षेप

### काव्य संग्रह कर्ण हूं मैं का विमोचन 10 को



**धमतरी।** जिला हिंदी साहित्य समिति द्वारा हिंदी, छत्तीसगढ़ी के सुपरिचित कवि एवं अपर कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी के काव्य संग्रह कर्ण हूं मैं का विमोचन देश के सुप्रसद्धि व्यंग्य लेखक एवं सद्भावना दर्पण के संपादक डॉ. गिरीश पंकज के आतिथ्य में 10 जुलाई रविवार को दोपहर 2.30 बजे म्युनिसिपल स्कूल के पीछे धमतरी साहित्य भवन में होगा। इस आयोजन में साहित्यकारों व सदस्यों से उपस्थिति की अपील सचिव डॉ. भूपेन्द्र सोनी ने की है।

### जहर सेवन से अधेड़ की मौत

**धमतरी।** शारीरिक बीमारी से परेशान होकर एक अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम रावनगुड़ा निवासी महेशराम पिता हरिराम उम्र 55 वर्ष मजदूरी का काम करता था। अधेड़ की बीते दो वर्ष से तबीयत खराब रहती थी। वह सीना व पेट दर्द से परेशान रहता था। उसका रायपुर व धमतरी के अस्पताल में उपचार कराया गया लेकिन अधेड़ की तबीयत में कोई सुधार नहीं हुआ। बुधवार को अधेड़ व उसकी पत्नी घर पर थी। दोपहर लगभग 12.30 बजे उसकी पत्नी नाती-नातिन को लाने गांव के स्कूल चली गई थी। इसी दौरान अधेड़ ने घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। घर लौटने पर पत्नी को घटना की जानकारी हुई। परिजनों ने अधेड़ को गंभीर हालत में मसीही अस्पताल में भर्ती किया। इलाज के दौरान अधेड़ की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने गुरुवार को पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### बिजली बिल हॉफ योजना में कटौती और बिजली दर वृद्धि का किया विरोध

# कांग्रेस ने किया पावर हाउस का घेराव

- मुख्यमंत्री का जलाया पुतला, पुलिस रही अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गुरुवार को पावर हाउस के सामने जिला कांग्रेस कमेटी ने घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया। बिजली बिल हॉफ योजना में कटौती और बिजली दर में वृद्धि के खिलाफ कांग्रेसियों ने राज्य सरकार को जमकर कोसा तथा मुख्यमंत्री का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्कामुक्की हुई। इस बार पुलिस ने पुतले की आग बुझाने अग्निशमन यंत्र का प्रयोग किया।

बिजली बिल हॉफ योजना में 300 यूनिट की कटौती और बिजली दर में वृद्धि को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने पावर हाउस के सामने धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने पावर हाउस के मुख्य द्वार को बैरिकेट्स लगाकर बंद कर दिया तथा पुलिस बल तैनात किया। इस दौरान पुलिस ने वेयर हाऊस से लेकर पावर हाउस तक सड़क को वन-वे किया था।



धरना को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि भाजपा सरकार ने बिजली बिल हॉफ योजना में कटौती और बिजली दर में वृद्धि की है। इस जनविरोधी आदेश से गरीब और सामान्य वर्ग के लोगों की दिक्कत बढ़ गई है। उन्होंने सरकार से तत्काल इस आदेश को वापस लेने को कहा।

विधायक ओंकार साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में जबसे भाजपा की सरकार बनी है, तब से जनविरोधी नीति ला रहे हैं। पहले बिजली मीटर को बदलवाया फिर बिजली दर में वृद्धि कर दी। अब 400 यूनिट हॉफ बिजली बिल योजना में 300 यूनिट की कटौती कर दी है। शहर में भी जनप्रतिनिधि आए दिन तरह-तरह की घोषणा कर रहे हैं, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं है। महज पांच माह में कथनी और करनी में अंतर नजर आ रहा है। सिहावा विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम ने कहा कि विष्णुदेव सरकार आमजनता के बीच अपना विश्वास खो चुकी है। पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि बिजली यूनिट में कटौती से हर वर्ग परेशान है। सभा को पूर्व महापौर विजय देवांगन, मोहन लालवानी, कविता बाबर, तारिणी चंद्राकर, नीशु चंद्राकर, विपिन साहू, आलोक जाधव, आनंद पवार, राजा देवांगन, मोनू साहू, दीपक सोनकर सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने संबोधित कर खूब कोसा।

प्रदर्शन के दौरान गोपालप्रसाद शर्मा, अरविंद दोशी, घामेश्वरी साहू, नरेंद्र सोनवानी, ब्रजेश जगताप, तपन चंद्राकर, अमरदीप साहू, आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, घनश्याम साहू, होरीलाल साहू, राजेश ठाकुर, सोमेश मेश्राम, अजय वर्मा, गजानंद रजक, होमेश्वर साहू, विनीत बाफना, नेहरू साहू, राजेंद्र साहू, गुड्डा दीवान, विक्रांत पवार, ज्ञानचंद सिन्हा, हेमंत साहू, स्नेहा देशमुख, सूरज पासवान, खेमराज चंद्राकर, नमन बंजारे, गणेश्वरी कामड़े, श्रीकांत तिवारी, अविनाश मरोठे, बीरू महाजन, श्याम देवांगन, भीम सोनकर, पीतांबर साहू, समीर जोशी, प्रणय बच्चन, सलीम तिगाला, टिकेंद्र गजेंद्र, बालगोविंद साहू, कन्हैया सोनी, रामनाथ यादव, अंबर चंद्राकर, आशुतोष खरे, तारिकरजा कादरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस मौजूद थे।

### झूमाझटकी के बीच पुतला दहन



कांग्रेसियों ने पावर हाउस के पास टेंट लगाकर धरना दिया। सभा के बाद कांग्रेसियों ने पावर हाउस के मुख्य द्वार में लगाए गए बैरिकेट्स पर चढ़कर प्रदर्शन किया। विधायक ओंकार साहू, राजा देवांगन और अन्य कांग्रेसियों ने बैरिकेट्स पर चढ़कर सरकार के खिलाफ खूब नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री का पुतला जलाया, जिसे बुझाने पुलिस ने अग्निशमन यंत्र का उपयोग किया। फायबर केमिकल से सड़क धुआं- धुआं हो गया। पुतला दहन के दौरान पुलिस और कांग्रेसियों के बीच खूब झूमाझटकी हुई।

# स्कूली छात्रा पर कुत्तों ने किया हमला, गंभीर



- इलाज के लिए धमतरी रेफर, बच्ची को 25 टांके लगे

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जिले के अंतिम छोर के ग्राम मैनपुर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। कक्षा 4 थीं में पढ़ने वाली 9 वर्षीय बच्ची आन्या नेताम स्कूल से लौटने के बाद बाड़ी में खेल रही थी। इसी दौरान पांच आवारा कुत्तों ने उस पर अचानक हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल हो गई। करीब 25 टांके उसके शरीर पर लगे हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना दोपहर की है। आन्या स्कूल से पढ़ाई कर लौटने के बाद घर के पीछे खेल रही थी। उसी दौरान अचानक गांव के करीब घूम रहे पांच कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। कुत्तों ने उसके सिर, हाथ, पीठ और पैरों को नोच डाला, जिससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। चीख-पुकार सुनकर पास के ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे और आन्या को कुत्तों से किसी तरह छुड़ाया। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोराई ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद नगरी मुख्यालय रेफर कर दिया गया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए धमतरी रेफर किया गया। इस घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के लिए तुरंत कार्रवाई की जाए, ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पूर्व सरपंच दुर्योधन नेताम, दिनेश कुमार, राहुल, रोहित नेताम ने बच्ची का सहयोग किया।

# साहू दंपति का 'मैं हूं गुल्लक' मिशन को कलेक्टर ने सराहा

### राज्य स्तर पर अनुकरणीय पहल बताते हुए प्रशंसा पत्र दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

साहू दंपति रंजीता एवं तुमनचंद साहू बच्चों को बचत की शिक्षा देने के लिए 'मैं हूं गुल्लक' मिशन चला रहे हैं जिसका स्कूलों में शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। बच्चे बचत करना सीख रहे हैं। साहू दंपति ने जिले के सैकड़ों स्कूलों में गुल्लक बांटे। उन्होंने बच्चों को बचत करने और शिक्षा में निवेश करने की बात कही। कहा कि बचत से ही बदलाव संभव है, गुल्लक का उपयोग करने से बच्चों में फिजूलखर्ची में रोक लगी है। कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने साहू दंपति की अनुकरणीय पहल की प्रशंसा की। जिला प्रशासन की ओर से उन्हें प्रशस्ति पत्र दिया गया। कलेक्टर ने इसे राज्य स्तर के लिए अनुकरणीय पहल बताया। साहू दंपति ने बताया कि 'मैं हूं गुल्लक', 'सपनों की उड़ान' हर बच्चा का सपना होता है। ख्वाब को पूरा करने कड़ी मेहनत भी करता है परंतु गरीबी सपनों के उड़ान पर रोड़ा बन जाती है।

ऐसे में सपनों की उड़ान को धीरे-धीरे संजोने के लिए 'मैं हूं गुल्लक' मिशन की शुरूआत की। उन्होंने बताया कि यह आइडिया उनकी तीन बेटियों खुशिका, गरिमा, झलक से आया। इन बच्चों ने बचपन में गुल्लक में इकट्ठे किए पैसे को किसी गरीब, जरूरतमंद को शिक्षा के लिए दान किया। इसी दिन से पति पत्नी 'मैं हूं गुल्लक' मिशन चलाकर स्कूलों एवं अन्य संस्थान में निःशुल्क गुल्लक भेंटकर बचत और संस्कार की शिक्षा दे रहे हैं।




सेजेस स्कूल सिंगपुर (मगरलोड) में हमने सभी बच्चों को गुल्लक दिए। गुल्लक लेकर बच्चों ने शपथ ली कि आगामी 26 जनवरी को स्वयं के बचत पैसे से 4 लाख रूपये इकट्ठा करेंगे। इस पैसे से स्कूल को स्मार्ट और मॉर्डन बनाएंगे। कार्यशाला और प्रशिक्षण कार्यक्रम रखेंगे। आधुनिक कम्प्यूटर लैब स्थापित करेंगे। प्राचार्य डॉ. वीपी चंद्रा ने गुल्लक योजना को बहुआयामी मिशन बताया।

# सड़क हादसे में डीआरजी जवान सहित अन्य युवक घायल

- रूद्री रोड में हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रूद्री रोड में दो बाइक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में डीआरजी का जवान गंभीर रूप से घायल हो गया है, वहीं एक अन्य युवक को भी चोट आई है।

मिली जानकारी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम मड़वापथरा निवासी प्रह्लाद उइके पिता सुदामाराम उम्र 35 वर्ष पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं। उनकी पोस्टिंग डीआरजी नगरी में है। इन दिनों प्रह्लाद अपने घर मड़वापथरा आया था। बुधवार की शाम वह बाइक से किसी काम के चलते रूद्री की तरफ आया था जहां से रात्रि में जवान बाइक में सवार होकर अपने घर मड़वापथरा जाने के लिए निकल रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से दूसरी बाइक आ रही थी। रूद्री थाना व चौक के बीच दोनों बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना में जवान बाइक के साथ सिर के बल सड़क पर गिर गया। उसके सिर पर चोट लगी है। वहीं दूसरी बाइक का चालक चंद्रकुमार साहू पिता मुरलीधर उम्र 22 वर्ष रूद्री निवासी भी घायल हो गया। सूचना पर वरदान एंबुलेंस संस्था के शिवा प्रधान तत्काल घटनास्थल पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।





# भोयना के छात्रों ने की हायर सेकेंडरी स्कूल खोलने की मांग

- स्कूली छात्रों ने कलेक्टर के नाम दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम भोयना के स्कूली छात्रों ने गांव में हायर सेकेंडरी स्कूल खोलने की मांग कलेक्टर से की है। गुरूवार को कलेक्टोरेट पहुंचे भोयना के स्कूली छात्रों ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि ग्राम भोयना के हाईस्कूल के छात्र 10वीं की पढ़ाई कर आगे की शिक्षा के लिए धमतरी जाते हैं जिससे कई सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस रास्ते में भारी वाहन चलने से छात्र सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए हैं। हमेशा अनहोनी का डर बना रहता है।



बारिश के दिन में भीगते हुए स्कूल आना-जाना पड़ता है। शाला दूर होने से पालक आगे की पढ़ाई के लिए धमतरी भेजना नहीं चाहते जिससे कई छात्रों की आगे की पढ़ाई रूक जाती है। छात्रों ने मांग की है कि इस सत्र के अंत तक हायर सेकेंडरी स्कूल बनाने का कार्य शुरु किया जाए, ताकि आगे के सत्र से छात्रों को गांव में शिक्षा मिल सके। छात्रों ने सभी संकाय को एकसाथ खोलने की भी मांग की है। आवेदन करने कलेक्टोरेट पहुंचने वाले छात्रों में नामेश्वर कुमार, गायत्री मंडावी, खिलेश्वरी, कामनी, विनीता, धनेश्वरी साहू, कामिनी यादव, रेश्मी कंवर, ओंकार मरकाम, मोतीलाल आदि छात्र मौजूद थे।

# बिलभदर में खेतों से केबल की चोरी, किसान चिंतित

- ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

पुलिस थाना नगरी से लगभग 4 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत बिलभदर के मेन रोड किनारे स्थित खेतों में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने खेतों में लगे बोरिंग से केबल व अन्य जरूरी उपकरण चुरा लिए, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरी की यह घटना मंगलवार रात्रि की है जिनके खेत मुख्य मार्ग के समीप हैं, उन किसानों के सामान चोरी हुए हैं। भूपेंद्र श्रीमाली, झगन श्रीमाली, बुधराम नेताम, गैंदलाल ध्रुव, ब्रह्मा नेताम, पनिराम नेताम, राजेंद्र सहित अन्य किसान शामिल हैं। किसानों के अनुसार खेतों में लगे बोरिंग सिस्टम से बिजली के केबल, पाइप तथा अन्य आवश्यक उपकरण अज्ञात चोर ले उड़े। चोरी की इस घटना से किसानों में भय और असुरक्षा की भावना व्याप्त है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

### रूद्री पॉलीटेक्निक कॉलेज के साथ कुरूद कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया अंतिम चरण पर

# पॉलीटेक्निक कॉलेज में एडमिशन का अंतिम अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पॉलीटेक्निक कॉलेज में अब प्रवेश के लिए छात्रों को अंतिम अवसर दिया जा रहा है। 9 अगस्त तक छात्र ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के वक्त छात्रों को किसी एक संस्था का चुनाव करना होगा। यही नहीं 14 अगस्त तक उन्हें अनिवार्य रूप से उस संस्था में एडमिशन भी लेना होगा।

प्रदेश के कई पॉलीटेक्निक कॉलेज में सीटें खाली हैं। इन सीटों को भरने के लिए अब छात्रों को अंतिम अवसर दिया जा रहा है। भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज रूद्री धमतरी के प्राचार्य जीआर साहू ने बताया कि एडमिशन का यह चौथा और अंतिम चरण है। ऑनलाइन की प्रक्रिया 6 अगस्त से शुरू कर दी गई है। पंजीयन 9 अगस्त तक चलेगा। इसमें छात्रों को ऑनलाइन पंजीयन कराना होगा। यही नहीं पंजीयन के वक्त छात्रों को किसी एक पॉलीटेक्निक कॉलेज का चयन करना होगा। पंजीयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 11 अगस्त को दोपहर 4 बजे संस्थावार पंजीकृत छात्रों की मेरिट सूची जारी की जाएगी। 12 अगस्त को काउंसिलिंग का आयोजन किया जाएगा। जिन छात्रों का नाम मेरिट सूची में आएगा, वे काउंसिलिंग में रुद्री स्थित भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज या शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज कुरूद में उपस्थित होंगे। इस दिन छात्रों को सीटों का आवंटन किया जाएगा। 14 अगस्त को दोपहर 1 बजे तक एडमिशन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। उल्लेखनीय है कि एडमिशन के बाद सीटें रिक्त बचती है तो जो छात्र काउंसिलिंग में उपस्थित नहीं हो पाए थे, उन्हें इन रिक्त सीटों पर एडमिशन दिया जाएगा। इन छात्रों को दोपहर 1 बजे से शाम 5.30 बजे तक एडमिशन दिया जा सकेगा।



### छात्रों के लिए निःशुल्क हेल्प डेस्क

प्रवेश प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाने के लिए भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक एवं शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज में निःशुल्क हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। यह हेल्प डेस्क छुट्टी के दिन भी संचालित होगी। प्रतिदिन सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे छात्र यहां से एडमिशन संबंधित सहायता ले सकते हैं।

### दो नए विषय में करियर बनाने के अवसर

इस साल से कुरूद के नए पॉलीटेक्निक कॉलेज में एडमिशन लिया जा रहा है। इस पॉलीटेक्निक कॉलेज में सीमेंट टेक्नोलॉजी और बायोमेडिकल इंस्ट्रूमेशन नया ट्रेड है। प्रदेश के किसी भी जिले में यह ट्रेड नहीं है। इन विषयों में छात्र एडमिशन ले सकते हैं। सीमेंट टेक्नोलॉजी में सिरेमिक प्रौद्योगिकी, ईंट, टाइल्स, टेबलवेयर, पाइप, सेनेटरीवेयर, कैपेसिटर, इंसुलेटर, बायोसिरेमिक, डेंटल इंप्लांट, एयरोस्पेस, उष्मारोधी पदार्थ, सीमेंट टेक्नोलॉजी सहित कई क्षेत्र में करियर बना सकते हैं। बायोमेडिकल इस्ट्रुमेंटल इंजीनियरिंग में चिकित्सा क्षेत्र में एमबीबीएस के नॉन क्लीनिकल विषय जैसे एनाटॉमी, फिजियोलॉजी, बायो केमिस्ट्री के साथ-साथ कम्प्यूटर साइंस, इलेक्ट्रानिक्स, इंस्ट्रुमेंशन, हॉस्पिटल मैनेजमेंट में करियर बना सकते हैं।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### कोकड़ी के विद्यालय में हुआ न्योता भोज



**कांकेर।** विकासखंड कांकेर में भाजपा के जिला मंत्री एवं बीपीदेव पीजी कॉलेज के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भाऊ ने अपने जन्मदिन पर 7 अगस्त गुरूवार को विकासखंड कांकेर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोकड़ी में छात्र-छात्राओं के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। स्कूली बच्चों के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक आत्माराम मरकाम, शिक्षकगण अनिता भाऊ, पुष्पा चंद्रवंशी, विजय नेताम, नेमेश्वरी सिन्हा, रोशन खोबरागढ़े एवं सत्यवती ध्रुव सहित छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

### संदीप सरपंच संघ अध्यक्ष सर्वसम्मति से मनोनीत हुए

**कांकेर।** जिला सरपंच संघ का बैठक जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित किया गया, जिसमें जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर एवं जनपद पंचायत नरहरपुर के सरपंच संघ के अध्यक्ष संदीप कुंजाम,



चारामा से मैना ध्रुव, कांकेर से विष्णु नेताम, अंतागढ़ से मानकू नुरेटी, पखांजूर से परमेश्वर उसेंडी, भानुप्रतापपुर से प्रदीप कोरेटी के उपस्थिति में हुआ। सरपंच संघ के बैठक में सभी के सर्वसम्मति से जिला सरपंच संघ का मनोनित किया गया, जिसमें संदीप कुमार कुंजाम को जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष से मनोनीत किया गया एवं उपाध्यक्ष मैना ध्रुव, विष्णु नेताम, सचिव शकुंतला नुरेटी, महासचिव प्रदीप कारेटी, कोषाध्यक्ष परमेश्वर उसेण्डी और प्रवता मानकू नरेटी को मनोनीत किया गया।

### गोयल ग्रुप ने कन्या हाईस्कूल एवं माशा को दिए व्हाइट बोर्ड व पंखे



**दुर्गुकोंदल।** तहसील क्षेत्र के ग्राम हाहालद्दी में संचालित श्री बजरंग आयरन ओर माइंस प्रबन्धन लगातार दुर्गुकोंदल क्षेत्र में अपने सामाजिक सरोकारों का निर्वहन कर रहा है। गोयल ग्रुप द्वारा संचालित इस लौह अयस्क खदान के प्रबंधन द्वारा शासकीय कन्या हाईस्कूल एवं माध्यमिक शाला दुर्गुकोंदल को जनपद सदस्य एवं सभापति सविता उयके के उपस्थिति में व्हाइट बोर्ड प्रदान किए गए ताकि यहां पर अध्ययनरत छात्राओं को पढ़ाई के दौरान हो रही असुविधा से मुक्ति मिल सके। माइंस प्रबंधन को कुछ कक्षाओं में पंखे नहीं होने की जानकारी प्राप्त हुई तो तत्काल ही सीलिंग फैन की भी व्यवस्था की गई। गोयल ग्रुप के इस सहयोग के लिए कन्या हाईस्कूल एवं माध्यमिक शाला की प्रभारी प्राचार्या मनीषा सिन्हा नें गोयल ग्रुप का आभार व्यक्त किया। इस वितरण कार्यक्रम के दौरान कन्या हाईस्कूल एवं माध्यमिक शाला के शिक्षक एवं संकुल समन्वयक शंकर दास नागवंशी, व्याख्याता संगीता केकती, मीना ढीमर, नीतीश कुमार, साहू, शैलेंदी मरकाम, नरेंद्र साहू, दयालुराम ठाकुर, सावित्री ठाकुर, वैभव तिवारी एवं बच्चे व गोयल ग्रूप के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में हुआ खेल, हरे-भरे पेड़ को काटकर बना रहे खेत और बाड़ी

# डूमरपाली में 500 एकड़ शासकीय घासभूमि का वितरण व अतिक्रमण







- शिकायत के बाद भी प्रशासन और जनप्रतिनिधि मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

विकासखंड मगरलोड के ग्राम पंचायत डूमरपाली में लगभग 500 एकड़ शासकीय घास भूमि को स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में ग्राम पटेल व ग्राम प्रमुखों द्वारा अवैधानिक तरीके से वितरण कर अतिक्रमण किया जा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत और संरक्षण से अतिक्रमण कार्य जोरों से चल रहा है। खेत व बाड़ी बनाने के लिए हजारों हरे-भरे पेड़ों को काटकर वे प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं।

विदित हो कि ग्राम डूमरपाली पटवारी हल्का नंबर 10 में स्थित खिसोरा रोड, नारधा रोड एवं कोपरा एनीकेट रोड में 1000 एकड़ से ऊपर शासकीय घास भूमि राजस्व रिकॉर्ड में है जिसमें पूर्व में ग्राम पंचायत व वन विभाग द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया था। ये पौधे बड़े होकर पेड़ का रूप ले चुके हैं। इसे ग्रामीण व ग्राम प्रमुख अपने निजी स्वार्थ के लिए काट रहे हैं और शासन- प्रशासन के पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ, एक पेड़ मां के नाम जैसे पर्यावरण बचाने के लिए कर रहे जागरूकता अभियान को खुली चुनौती दे रहे हैं।

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि सरपंच, उपसरपंच, क्षेत्रीय जनपद सदस्य के संरक्षण एवं ग्राम पटेल के मार्गदर्शन में ग्राम प्रमुखों द्वारा गांव के लोगों को शासकीय घास भूमि आवंटित कर अतिक्रमण करवाया जा रहा है। मजे की बात है कि स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि व ग्राम पटेल के परिवार भी इसमें संलिप्त हैं जो खुले आम पंचायतीराज का उल्लंघन कर रहे हैं।

शिकायतकर्ताओं ने कलेक्टर से 21 जुलाई को लिखित शिकायत दी थी। बावजूद अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। आवेदनकर्ता बंशीलाल, बसंत, सीताराम पटेल, सुंदरलाल पटेल, तरुण पटेल सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय जनपद सदस्य व ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच कुछ पंचगण के संरक्षण में ग्राम प्रमुखों द्वारा गांव में मीटिंग कर सुनियोजित तरीके से प्रति परिवार को घास भूमि का वितरण किया गया है। शिकायत होने पर स्वयं अतिक्रमण किए हैं, ऐसा बयान देने के लिए कहा गया है। मीटिंग में शिकायत करने वाले एवं शिकायत में सहयोग करने वालों को गांव से अलग करने एवं उनसे आर्थिक दंड लेने का नियम बनाया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि जनपद सदस्य का कहना है कि यह जमीन गांव की है। वे जैसा चाहे इनका उपयोग कर सकते हैं । पिछले चार-पांच साल से ग्रामीण इसे बांटने की योजना बना रहे थे। इस कार्य में हमें कोई आपत्ति नहीं है।

इस मामले में सरपंच पुष्पा देवदास ने कहा कि जमीन गांववालों की है। वे आपस में बांट रहे हैं। हमें इससे कोई लेना-देना नहीं है।

एसडीएम कुरूद ने कहा कि इस संबंध में मैंने सरपंच को दूरभाष एवं लिखित में सूचना दी है। ग्राम पंचायत में मीटिंग रखकर आगे की कार्रवाई के लिए अवगत कराया है। इस मामले की जांच करवाकर दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी।

# विधानसभा में सबसे अधिक सवाल पूछने वाली महिला विधायक बनीं अंबिका

- जनहित के मुद्दों को लेकर इस सत्र में कुल 196 सवाल पूछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र में कंटेंट की सक्रियता और जनहित के मुद्दों पर तीखी आवाज उठाने के मामले में विपक्ष की विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम ने नया कीर्तिमान रचा है। हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट (टीआरपी द्वारा द रियल पोस्ट में) के अनुसार वे महिला विधायकों में सबसे अधिक सवाल पूछने वाली विधायक बनी हैं। उन्होंने इस सत्र में कुल 196 सवाल पूछे, जो पूरे सत्र में महिला विधायकों द्वारा पूछे गए सवालों में सबसे अधिक है।

उनकी इस सक्रियता ने न केवल महिला विधायकों के लिए एक नया मानक स्थापित किया, बल्कि विपक्ष की आवाज को भी मजबूती प्रदान की। विधानसभा में उनकी भागीदारी यह दर्शाती है कि वे सिर्फ प्रतिनिधि नहीं, बल्कि जनता की सच्ची पहरेदार हैं।

### विधायक केवल एक पद नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है



अंबिका मरकाम ने यह साबित कर दिया है कि विधायक होना केवल एक पद नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। उन्होंने विधानसभा के मंच का उपयोग जनता की समस्याओं को शासन तक पहुंचाने के लिए किया और सवालों के माध्यम से जवाबदेही तय करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उनकी इस उपलब्धि के लिए क्षेत्र की जनता, सामाजिक संगठनों एवं राजनीतिक विश्लेषकों द्वारा प्रशंसा की जा रही है। वे छत्तीसगढ़ की उन गिने-चुने नेताओं में हैं जो प्रश्न पूछकर जनहित में हल खोजने की राजनीति को आगे बढ़ा रही हैं।

### विपक्ष में रहकर भी निभाया जनता की आवाज का धर्म

विपक्ष की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण होती है और अंबिका मरकाम ने यह साबित कर दिखाया कि सत्ता में न होते हुए भी जनता की समस्याओं और मुद्दों को उठाना संभव है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सुरक्षा, रोजगार, ग्रामीण विकास और स्थानीय संसाधनों से जुड़ी समस्याओं को जोरदार तरीके से सदन में उठाया।

### महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण

महिला सशक्तिकरण की दिशा में अंबिका मरकाम की यह उपलब्धि प्रेरणास्रोत है। जब महिलाएं विधानसभा जैसी उच्च मंच पर जन मुद्दों को दृढ़ता से उठाती हैं, तब वह पूरे समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश देती हैं। उनका यह प्रदर्शन आने वाली युवा महिलाओं को राजनीति में आने और जनसेवा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

### विधानसभा में रखे कई प्रमुख सवाल

विधानसभा में विधायक अंबिका मरकाम ने ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याएं, जल आपूर्ति व स्वच्छता के मुद्दे शिक्षकों की नियुक्ति व स्कूलों की स्थिति जनजातीय क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों को रखा।

### धान खरीदी की सूखत से सोसाइटियों को हो रहा नुकसान

**पुरी।** जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने कहा कि केंद्र सरकार सहित छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा निरंतर सहकार से समृद्धि लाने के लिए प्रचार प्रसार एवं कार्यक्रमों के लिए करोड़ों खर्च किए जा रहे हैं लेकिन धरातल पर सहकारिता की नींव कही जाने वाली प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों की आर्थिक स्थिति दिन ब दिन खराब होती जा रही है। जिला सहित प्रदेश की 2058 सहकारी समितियों में छग सरकार द्वारा धान की खरीदी सफलतापूर्वक की गई परंतु धान का परिवहन समय पर नहीं होने से जिला सहित प्रदेश की सहकारी समितियों को आर्थिक क्षति होती है। जब तक परिवहन व्यवस्था दुरुस्त नहीं की जा सकती तब तक सहकारी समितियों को आर्थिक लाभ की ओर अग्रसर नहीं किया सकता। श्री साहू ने कहा कि सहकारी समितियों को आर्थिक रूप से मजबूत करना अति आवश्यक है।

# ई-लर्निंग पोर्टल, शिक्षा को सभी के लिये सुलभ बनाता है

- सुखराम नागे कॉलेज में ई-लर्निंग प्लेटफार्म पर हुई एक दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी





शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय में स्वयं पोर्टल ई-लर्निंग प्लेटफार्म विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला डा. मनदीप खालसा प्राचार्य की अध्यक्षता एवं प्रो. लोकेश्वरी राठिया के संयोजन तथा आईक्यूएसी वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई।

मुख्य वक्ता प्रो. कौशल नायक विभागाध्यक्ष वनस्पतिशास्त्र ने स्वयं पोर्टल के पंजीकरण, कार्यप्रणाली, उपलब्ध दो हजार से अधिक निशुल्क पाठ्यक्रम तथा इसके होने वाले लाभ से शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि स्वयं पोर्टल भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया एक आनलाइन शिक्षा मंच है जिसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तीन मुख्य सिद्धांतों पहुंच, समानता और गुणवत्ता को प्राप्त करना है। यह पोर्टल कक्षा 9 से लेकर स्नातकोत्तर तक के सभी पाठ्यक्रमों को निःशुल्क एवं इंटरैक्टिव तरीके से उपलब्ध कराता है तथा इस पोर्टल पर उपलब्ध वीडियो लेक्चर देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक तैयार करते हैं। यह पोर्टल शिक्षा को सभी के लिये सुलभ बनाता है। डा. खालसा ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को स्वयं पोर्टल में अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराने एवं उसका लाभ लेने प्रेरित किया। आईक्यूएसी प्रभारी प्रो.मोहित कुमार ने विद्यार्थियों के विभिन्न प्रश्नों का समाधान किया।

कार्यशाला में डॉ. रमेश देवांगन, प्रो. राजाराम मेहरा, प्रो. जयराम कुर्रे, प्रो. लालमन बेरवंश, प्रो. हितेशानंद ठाकुर, डॉ. दीपा देवांगन, डा. कविता, डॉ. अंबा शुक्ला, डॉ. ममता सौरज, डॉ. संध्यारजनी मिश्रा, श्रीमती उर्वशी साहू, डॉ. खेमचंद, डॉ. वेणु साहू, सागर मंडावी, अविरल तिवारी, सीता नेताम, नेहा राजन, डिलेश्वरी पटेल उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### स्काउट गाइड के छात्रों ने जवानों के लिए भेजी राखी



**मगरलोड।** गैलेक्सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मगरलोड के स्काउट गाइड के छात्रों ने प्राचार्य देवधर सिन्हा, गाइड कैप्टन पुष्पलता साहू एवं स्काउट मास्टर गणेश्वर साहू के मार्गदर्शन में स्वयं निर्मित 100 राखी देश के जवानों के लिए मगरलोड थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत शुक्ला को सौंपी। इस अवसर पर लोकनाथ साहू, फुलेश्वर पटेल एवं थाना के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### महिला मोर्चा ने चिकित्सकों को बांधा रक्षा सूत्र



**मगरलोड।** महिला मोर्चा मेघा की बहनों ने प्राथमिक स्वास्थ केंद्र मेघा के सभी स्टॉफ को रक्षासूत्र बांधा। संध्या साहू ने कहा कि आप सभी की वजह से हम सब सुरक्षित हैं। हर परिस्थिति में चाहे कोरोना हो या अन्य समय में आप सभी स्वास्थ्यकर्मियों का भरपूर सहयोग रहा। मेघा के आसपास के क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में काफी सुधार हुआ है। इस अवसर पर नीरा पटेल, प्रेमलता सोनी, दिनेश्वरी साहू, धनेश्वरी साहू, डिगेश साहू, तामेश्वरी साहू, कमल सिन्हा, योगेश्वर साहू, प्रभारी डॉ रूपेश साहू, ग्रामीण चिकित्सा सहा. श्रीमती छमा साहू, तामेश्वर साहू, मुकेश साहू, नीरा ध्रुव, कौशिकी साहू, नुकेश्वरी मार्कोल, भुवन साहू, जितेंद्र पटेल, मिथलेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### मां तारिणी महिला मंडल ने निकाली कांवर यात्रा



**कुकरेल(धमतरी)।** मां तारिणी महिला मंडल कुकरेल द्वारा कांवर यात्रा निकाली गई। कुकरेल चौक के महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर पैदल चलकर रूद्रेश्वर महादेव में जल चढ़ाकर क्षेत्र की सुख शांति के लिए मनोकामना मांगी। कांवर यात्रा में श्रीमती ममता साहू, श्रीमती पुकेश्वरी साहू, श्रीमती चन्द्रकला साहू जनपद सदस्य, भीषम साहू, श्रीमती जीतन साहू, मोहनी यादव, एना सिन्हा शामिल रही। यह जानकारी चन्द्रहास तेली, कामता साहू ने दी है।

### महिला कांवरियों ने रुद्रेश्वर महादेव का किया जलाभिषेक



**धमतरी।** श्री शिवाम्बा बोल बम समिति दर्री की महिलाएं रुद्रेश्वर महादेव में जलाभिषेक करने पैदल रवाना हुईं। कांवरियों ने ग्राम दर्री महानदी से जल लेकर शिव भक्ति में लीन होकर आगे प्रस्थान किया। समाजसेवी दयाराम साहू, दर्री सरपंच हिमांशु शेखर साहू, उपसरपंच निरंजन साहू, ग्रामीण अध्यक्ष अशोक साहू, माखन यादव, कांशीराम साहू, खिलेश साहू, डिगेश्वर, भगवती नागरची, धुरू कुमार साहू ने कांवर यात्रा में जा रहे तीजिया कुंभकार एवं उनकी महिला समूह को श्रीफल भेंटकर रवाना किया।

### पौधा लगाकर दिया पर्यावरण का संदेश



**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम पंचायत कांटाकुर्रीडीह के आश्रित ग्राम सिरौदखुर्द में एक पेड़ मां के नाम पीपल का पौधा लगा कर पर्यावरण का संदेश दिया। सभी ग्रामीणों को एक-एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर चन्द्रहास तेली, नीलमणि ध्रुव, हरिओम साहू समेत अन्य मौजूद थे।

नशा एवं अपराध मुक्त कुरुद बनाने में सहयोग करने का मांगा वचन

# भाजपा महिला मोर्चा की बहनों ने पुलिस डॉक्टर एवं सफाईकर्मियों को बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर के नेतृत्व में भाजपा महिला मोर्चा ने इस वर्ष भी कुरूद नगर में पुलिस के जवानों, स्वास्थ्य कर्मियों, सफाई कर्मियों को राखी बांधकर उनके स्वस्थ एवं उत्तम जीवन की कामना की।

राखी बांधने पहुंची महिला मोर्चा की सदस्यों ने पुलिस जवानों को राखी बांधकर राखी का शगुन मांगते हुए कहा कि जिस तरह पुलिस व सेना के जवान देश हित के लिए काम करते हैं, उसी तरह कुरूद शहर व क्षेत्र की कानून व्यवस्था अच्छी हो, अपराध पर नियंत्रण हो। नशा एवं जुआ-सट्टामुक्त कुरुद बने । इसके लिए आपसे सहयोग की अपेक्षा है। महिला मोर्चा की भावनाओं का सम्मान करते हुए कुरूद पुलिस ने उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने का वचन दिया। इस दिन महिला मोर्चा ने सिविल अस्पताल पहुंचकर सभी डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों तथा नगर पंचायत पहुंचकर सफाई कर्मियों महिला पुरुष को राखी बांधी। श्रीफल भेंटकर व मिठाई खिलाकर दीर्घायु की कामना की। उन्होंने नगर में नियमित साफ-सफाई करने वाले सफाई कर्मियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की एवं किसी भाई की कलाई इस रक्षाबंधन पर सूनी न रहे, सभी के जीवन में प्रेम सद्भावना हो इसकी कामना भी की।

इस अवसर पर कविता चंद्राकर, भूमिका सिन्हा, धनेश्वरी निर्मलकर, सुरेखा चंद्राकर, विधा शर्मा, चित्ररेखा टंडन, कमिथला साहू, भारती साहू, ममता साहू, संगीता सेन, राजकुमारी ध्रुव, पालेश्वरी देवांगन, संगीता यादव, टिकेश्वरी ढीमर, वर्षा निर्मलकर, अनुराधा साहू, कुमारी साहू, निशा वैष्णव समेत महिला मोर्चा की सदस्य उपस्थित थीं।

# तहसील साहू समाज की बहनों ने धनोरा कैंप पहुंचकर जवानों को राखी बांधी

### जवानों की आरती उतारकर तिलक लगाया, मिठाई खिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



तहसील साहू समाज धमतरी की महिलाओं ने नक्सल क्षेत्र बालोद जिले के धनोरा स्थित 14वीं वाहिनी भाराछस बटालियन कैम्प में पहुंचकर तैनात जवानों को राखी बांधी।

उल्लेखनीय है कि घर से कोसों दूर हमारी सुरक्षा के लिए कार्यरत सुरक्षा जवानों ने बुधवार को साहू समाज की महिलाओं को अपने बीच पाकर काफी खुश नजर आए। महिलाओं ने जवानों की आरती कर तिलक लगाकर राखी बांधी। मिठाई खिलाकर जवानों की लंबी उम्र की कामना की।

मौके पर तहसील साहू समाज के अध्यक्ष गोपाल साहू, उपाध्यक्ष भुनेश्वरी साहू, हिरमेश्वरी साहू, दीपेशवरी साहू, रूक्मणि साहू, रेणुका साहू, प्रमिला साहू, सुलोचना साहू, खेमिन, श्यामलता, भुनेश्वरी, निर्मला, ज्योति, देवी साहू, संत कुमारी, ईश्वरी उपस्थित थीं।

## खबर संक्षेप

### सीमा सुरक्षा बल के वीर जवानों को बांधी राखी

**दुर्गुकोंदल।** रक्षाबंधन के अवसर पर छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले से विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं महिला मोर्चा से जुड़ी प्रतिष्ठित महिलाओं का एक प्रतिनिधिमंडल सीओबी गुमरिडीही 178 बटालियन सीमा सुरक्षा बल पहुँचे। इस अवसर पर बहनों ने देश की रक्षा में तैनात बीएसएफ वीर जवानों की कलाइयों पर रक्षा सूत्र बाँधकर उन्हें सम्मान, स्नेह और आभार अर्पित किया। 178 बटालियन बीएसएफ सहायक समादेष्टा रितेश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण एवं समस्त जवान के अलावा उपस्थित रहे। इस अवसर पर धमतरी महिला मोर्चा भाजपा की जिला अध्यक्ष, जिला मण्डल उपाध्यक्ष, सचिव, पूर्व जनपद सदस्य, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की जिला अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष आमदी बेटी बचाओ अभियान की प्रतिनिधि सम्मिलित रहीं।

### मृतक के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नदी में डूबने से मृत्यु होने के एक प्रकरण में चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। पखांजूर तहसील के पुराना बाजार पखांजूर निवासी 16 वर्षीय सूरज साहा की कोटरी नदी में बने एनीकट में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित संजय साहा और कृष्णा साहा को संयुक्त रूप से चार लाख रुपए की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### जिले में अब तक 7123 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**कांकेर।** जिले में 01 जून से अब तक कुल 7123.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक सर्वाधिक वर्षा दुर्गुकोंदल तहसील में 917.2 मिलीमीटर तथा सबसे कम कांकेर तहसील में 402 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर तहसील में 859.4 मिलीमीटर, चारामा में 621.4 मिमी., अंतागढ़ में 679.5, पखांजूर में 580.9, नरहरपुर में 540.6, सरोना में 413.1 मिलीमीटर, आमाबेड़ा में 809.1, कोयलीबेड़ा में 573.7 और बांदे में 726.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### श्री राधा कृष्ण मंदिर में श्रीभागवत कथा 13 से

**भानुप्रतापपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव एवं सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ 13 से 20 अगस्त तक वृन्दावन धाम राधाकृष्ण मंदिर श्री साई बाबा मंदिर परिसर में किया जाएगा। कथा का समय दोपहर 01 बजे से शाम 05 बजे रहेगा। समिति के अध्यक्ष निखिल शिवहरे ने बताया कि जन्माष्टमी पर विशेष आकर्षण राधा कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता, अपने नन्हे मुन्ने को राधा या कृष्ण बना कर लाए, 16 को जन्माष्टमी को शाम 06 से 08 बजे तक दो श्रेणी में पुरस्कार दिया जाएगा। प्रथम 1 से 05 साल तक के बच्चे, द्वितीय श्रेणी 06 से 10 साल तक के बच्चे को दिया जाएगा। जन्माष्टमी की रात 09 से 10 बजे तक सामुहिक श्री बाल कृष्ण अभिषेक जन्मोत्सव, मंदिर में स्थापित राधा कृष्ण एवं गोपाल के साथ मनाया जाएगा।

### शिक्षा की गुणवत्ता में पालक एवं समुदाय की भूमिका और सहभागिता पर हुई चर्चा

# शिक्षा पर चर्चा के लिए मगरलोड के शिक्षक पहुंचे पालकों के द्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



सरकार तुंहर द्वार की तर्ज पर शाउमाशा मगरलोड के शिक्षक शिक्षा पर चर्चा के लिए ग्राम भरदा के पालकों के द्वार पहुंचे। इस कार्यक्रम का आयोजन 6 अगस्त को ग्राम भरदा के साहू समाज भवन में संध्या 6 से 9 बजे तक हुआ। भरदा सरपंच श्रीमती भानुप्रिया साहू की अध्यक्षता, चंद्रहास साहू सेनि शिक्षक के मुख्य आतिथ्य एवं अशोक ध्रुव सेनि प्राचार्य स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय भैंसमंडी के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य एआर साहू ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। पूर्व सरपंच दुलारसिंह साहू ने स्वीकार किया कि पालकगण अपने बच्चों के लिए समय नहीं निकाल पा रहे हैं। जो संस्कार हमें देना चाहिए वह नहीं दे पा रहे हैं जिसके कारण बच्चे रास्ता भटक रहे हैं। अब हमें जागरूक होने की आवश्यकता है। व्याख्याता राधेश्याम साहू ने अपने स्कूल में हो रहे नवाचार के बारे में चर्चा की। डाकवर सिंह साहू ने कहा कि बच्चों का भविष्य बनाना केवल शिक्षकों के बस की बात नहीं है। बच्चों का ज्यादा समय घर और गांव में बीतता है इसलिए घर में भी कोशिश होनी चाहिए। सरपंच श्रीमती भानु प्रियंका साहू ने कहा कि बच्चे छोटे उम्र में ही नशे के शिकार हो रहे हैं। यह चिंता का विषय है। इसके लिए ग्रामवासियों को जागरूक होना पड़ेगा। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष रिखीराम साहू ने कहा कि ग्राम विकास समिति में बैठक रखकर रणनीति तैयार की जाएगी, जिससे गांव का वातावरण और बच्चों के भविष्य को बिगड़ने से बचाया जा सके। व्याख्याता गुलाबराम साहू ने कहा कि गांव के पढ़े-लिखे लोगों को प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में जाकर पढ़ाई लिखाई के स्तर की जानकारी लेते रहना चाहिए। सेनि शिक्षक नंदकुमार साहू ने पालकों से निवेदन किया कि अपने बच्चों के गतिविधियों की जानकारी रखें। अशोक ध्रुव ने कहा कि किशोरावस्था में बच्चों के भटकने की संभावना ज्यादा रहती है। पालक सजग रहकर उनकी मनः स्थिति को समझने का प्रयास करें।

अंग्रेजी माध्यम पूर्व माध्यमिक शाला मगरलोड के प्रधान पाठक वीरेंद्र सरल ने माताओं से निवेदन किया कि आप बच्चों की प्रथम गुरु है। संतान मोह में पड़कर उनकी गलतियों पर पर्दा न डालें वरना ये बड़ी-बड़ी गलतियां करने लग जाएंगे। सभापति चंद्रहास साहू ने भी अपना अनुभव साझा किया। सरपंच प्रतिनिधि लोकेश साहू ने शाउमावि मगरलोड के शिक्षकों द्वारा की जा रही नई पहल की सराहना की। इस अवसर पर व्याख्याता भोजपाल साहू, लवेश गुप्ता, हेमंत रजक, विकास कंवर, रामेश्वर साहू, लक्ष्मीनाथ साहू, मनीषा नवरंग, यमुना साहू, शेखनलाल साहू, ईश्वर साहू, जीवनलाल साहू, भानवती साहू, अनन्या साहू, हेमिन, त्रिवेणी, यमुना, पूर्णिमा, ईश्वरी सहित पालकों एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# छात्रों ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ बोला हल्ला

- व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय सिहावा के छात्रों ने कॉलेज प्रशासन की विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जताते हुए एक ज्ञापन जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय ध्रुव को सौंपा। छात्रों ने कॉलेज परिसर में मूलभूत सुविधाओं की कमी और प्रशासन की निष्क्रियता पर चिंता व्यक्त की।

ज्ञापन में छात्रों ने कुल आठ प्रमुख मांगें रखी हैं। उनका कहना है कि कॉलेज प्रशासन का अधिकांश समय अनुपस्थित रहना छात्रों के शैक्षणिक कार्यों में बाधा डालता है। छात्रों ने मांग की कि प्रशासक नियमित रूप से कॉलेज में उपस्थित रहे। उन्होंने कॉलेज की साफ-सफाई, पुस्तकालय व्यवस्था और परिवहन सुविधा की भी गंभीर रूप से कमी बताई है। ज्ञापन में छात्रावास की उचित व्यवस्था तथा बच्चों के दस्तावेज़ों के नाम पर किसी भी प्रकार की अनावश्यक प्रक्रियाओं को बंद करने की मांग की गई है।

इसके अलावा छात्रों ने कॉलेज में खेल सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने की भी मांग की है, जिससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिल सके। हमारी मांगें छात्रों की मूलभूत ज़रूरतों से जुड़ी हैं। हम चाहते हैं कि हमें एक ऐसा शैक्षणिक वातावरण मिले जहां हम बिना किसी बाधा के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। मौके पर राकेश नेताम, दीपांशु दीवान, पीयूष यदु, सुरभि यादव, यशचाणक्य, प्रकाश साहू,पुनारद यादव, वासुदेव यादव, लक्ष्य तिवारी, वेंकी, कान्हा साहू, उपेंद्र साहू, भूपेश लहरे, पंकज कोसरे, भोजराज साहू, नमन देवांगन, संजय यादव, आदित्य नेताम, भूमिका, मुरली, सिन्हा, संतराम सिन्हा, तरुण साहू, सत्यवान नागवंशी, अमन राज निराला मौजूद थे। महाविद्यालय प्रमुख ने उनकी समस्याओं का जल्द ही निराकरण करने की बात कही।

## महिलाओं को राशन कार्ड वितरित



**अंवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, छग शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधायक अजय चंद्राकर की मंशा के अनुरूप खाद्यान्न सुरक्षा योजना के तहत अन्नपूर्णा योजना एवं विभिन्न प्रकार के राशनकार्डधारियों को विशेष राशनकार्ड जारी किया गया है। अंत्योदय राशनकार्ड में हितग्राहियों को 10 किलो चावल निःशुल्क तथा 25 किलो चावल 1 रुपए प्रति किलो की दर से प्रतिमाह प्राप्त करने की पात्रता है। इस अवसर पर अध्यक्ष ज्योति जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षदगण छबिलाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू, भूपेश्वरी चंदेल, मेघनाथ साहू, परदेशी कंवर, अविनाश गौर, झम्मन साहू, भानुप्रताप गायकवाड़, चांदनी साहू, अंजु दीनानाथ साहू, भूपेंद्र यादव, खेमलता जितेन्द्र साहू, दुमेन्द्र गैंगबेल, गौतमी पटेल, चोवा ढीढी सहित हितग्राही महिलाएं उपस्थित रही। हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किए गए। राशन कार्ड पाकर हितग्राहियों के चेहरे पर मुस्कान फैल गई।

## भखारा थाना परिसर में हुआ रामायण पाठ



**अंवरी।** भखारा थाना परिसर में सावन के अंतिम सोमवार को रामायण का आयोजन रखा गया। इसके बाद प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षक कॉलोनी एवं थाना परिसर के परिवार के सदस्य शामिल हुए। बरसों से थाना परिसर में रामायण पाठ कर हिन्दू धर्म को जागृत कर रहे झम्मन साहू का इस वर्ष भी सहयोग रहा। मौके पर भुवन, रामरतन, खूबलाल, डॉ. किरण, हेमलाल, निर्मल, गोमती, पंकजनी गौर, कामिनी, रेखा, ध्रुव मैडम, सिन्हा मैडम, सुनीति, किरण आदि उपस्थित थे।

# निगम के पूर्व कार्यकाल के घोटालों पर कार्रवाई न होने पर आक्रोशित हुए सभापति

- 10 दिनों के भीतर कार्रवाई न होने पर कठोर कदम उठाने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



नगर निगम के पिछले कार्यकाल के दौरान विपक्ष में विजय मोटवानी ने धारदार भूमिका निभाई थी। भाजपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर पिछले कार्यकाल में निगम में हुए स्ट्रीट लाइट घोटाला, गार्डन चेयर खरीदी, फिनायल, डस्टबिन खरीदी, रिक्शा घोटाला, ठेला घोटाला सहित तत्कालीन महापौर की निधि की बंदरबांट को लेकर बयान दिया था कि भाजपा सरकार आने के बाद एक महीने के अंदर कार्रवाई की जाएगी। श्री मोटवानी ने इस ओर नगर निगम प्रशासन का निरंतर ध्यान आकृष्ट कराया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

श्री मोटवानी ने आयुक्त प्रिया गोयल से मिलकर मांग की है कि निगम द्वारा पूर्व कार्यकाल के भ्रष्टाचार तथा स्तरहीन कार्य के जिम्मेदार ठेकेदार, सप्लायर तथा जनप्रतिनिधियों के ऊपर कार्यवाही करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया जाए। 10 दिनों के भीतर कार्रवाई न होने पर वे उग्र एवं कठोर कदम उठाने के लिए बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदेही नगर निगम प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारियों की होगी।

## भाजपा सिर्री मंडल की बहनों ने पुलिस जवानों को बांधी राखी



- जवानों ने देश, समाज की रक्षा करने का वचन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

भाजपा सिर्री मंडल की महिला मोर्चा की बहनों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धमतरी मणिशंकर चंद्रा, पुलिस अनुभागीय अधिकारी कुरूद रागिनी मिश्रा, अजय सिंह थाना प्रभारी बिरेझर व बिरेझर चौकी के पुलिस जवानों को राखी बांधी। देश की सुरक्षा में तैनात जवान होली, दिवाली, राखी का त्योहार अपने परिवारवालों के साथ नहीं मना सकते। राखी में उनकी कलाई सूनी जाती है। ऐसे में पुलिस जवानों को राखी बांधकर भाजपा सिर्री मंडल महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने खुद को गौरवान्वित महसूस किया। पुलिस जवानों ने देश, समाज की रक्षा करने की बात कही।

मौके पर ज्योति चंद्राकर अध्यक्ष नपं कुरूद, कुलेश्वरी सुनील गायकवाड़ जिपं सभापति, पूजा सिन्हा जिपं सदस्य, ललिता रमेश भतपहरी जनपद सदस्य, गंगा साहू जनपद सदस्य, वंदना ध्रुव मंत्री सिर्री मंडल, पूजा साहू पूर्व सरपंच फुसेरा, ईश्वरी तारक पूर्व सरपंच गोजी, पूजा साहू सरपंच दरबा, जयश्री संदीप डहरिया सरपंच मुल्ले, जमुना साहू सरपंच फ़ुसेरा, सुमित साहू सरपंच कुल्हाड़ी, ढालेश्वरी पाल सरपंच जरवायडीह, उषा ध्रुव सरपंच कोटगांव, नेहा गुपेंद्र सरपंच बिरेझर, प्रमिला साहू ग्रामीण अध्यक्ष, धनेश्वरी साहू, हेमलता साहू, जानकी साहू समेत भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी उपस्थित थी।

# ब्राम्हण समाज की कौशिल्या माता समिति का हुआ विस्तार

- हरियाली उत्सव मनाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश
- नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



कौशिल्या माता समिति जिला ब्राम्हण समाज प्रमुख बरखा शर्मा ने समाज के जिलाध्यक्ष राकेश दीवान की अनुशंसा से अपनी जम्बो कार्यकारिणी का विस्तार किया। पदाधिकारियों ने महापौर रामू रोहरा की उपस्थिति में शपथ ग्रहण किया। इसी के साथ ही कौशिल्या माता समिति का हरियाली महोत्सव भी हुआ जिसमें सभी महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

स्थानीय सामुदायिक भवन विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे कौशिल्या माता समिति जिला ब्राम्हण समाज का कार्यक्रम हुआ जिसमें समिति का जिला स्तर पर विस्तार किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण- पत्र का वितरण किया गया। बतौर अतिथि महापौर रामू रोहरा ने कहा कि ब्राम्हण समाज एक जागरूक समाज है। इस समाज ने सदैव लोगों को शिक्षा, आशीर्वाद दिया है। समाज अध्यक्ष राकेश दीवान ने कहा कि आज कौशिल्या माता समिति का विस्तार हुआ और बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता देकर जागरूकता का परिचय दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी यह समिति ब्राम्हण समाज के रचनात्मक कार्यों में योगदान देगी। समिति प्रमुख बरखा शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशिल्या का मायका है और प्रभु श्रीराम छत्तीसगढ़ के भांजे हैं। उन्हीं के अनुरूप ही समिति का गठन कर कार्य किया जा रहा है। समाज अध्यक्ष राकेश दीवान की अगुवाई में समाज लगातार संगठित हो रहा है। मंच संचालन नंदनी तिवारी और सीमा उपाध्याय ने किया।

कौशिल्या माता समिति की संरक्षक हिना मिश्रा, हेमलता शर्मा, सरिता दीवान, प्रीति तिवारी, अर्चना पांडेय, प्रमुख सलाहकार प्रभा मिश्रा, रानी पांडेय, शोभा दुबे, ऋतु शर्मा, नेहा दुबे, जिलाध्यक्ष बरखा दीप शर्मा, उपाध्यक्ष सीमा चौबे, प्रतिमा पांडेय, सुहासिनी शर्मा, ऋतु शर्मा, महासचिव अनामिका शर्मा, सचिव साक्षी शर्मा, आयुषी पांडेय, हेमलता रजोरिया, सहसचिव नीलम शुक्ला, कविता पांडेय, अंकिता मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रीति द्विवेदी, प्रवक्ता नीलू तिवारी, कार्यक्रम योजना प्रभारी संजु मिश्रा, डॉली मिश्रा,प्रचार प्रसार सचिव, इंदिरा दुबे सुनीता पांडे, सुनीता शर्मा, सांस्कृतिक प्रभारी सीमा उपाध्याय, नंदनी तिवारी, सोशल मीडिया प्रभारी सोना दुबे, प्रार्थना पांडेय, हर्षिता पांडेय, प्रेरणा पांडेय बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में कविता पांडेय, लक्ष्मी शर्मा, गौरी मिश्रा, सरिता मिश्रा, दीप्ति दीवारी, प्रियंका तिवारी, आरती पांडेय, रजनी दुबे, भोली शर्मा, माही शर्मा, गौरी शर्मा, सपना पांडेय, दीक्षा शर्मा, उषा तिवारी, कौशल मिश्रा, कविता मिश्रा, नयन शर्मा, पायल मिश्रा, सरिता पांडे, दिव्या शर्मा, एकता शर्मा, शिक्षा एवं खेल प्रकोष्ठ मंजु शर्मा, रूपा झा, रानु त्रिपाठी, धमतरी शहर अध्यक्ष शोभा दुबे, कुरूद अध्यक्ष कल्पना शर्मा, भखारा अध्यक्ष अनीता शर्मा, मगरलोड अध्यक्ष कल्पना पांडेय, कुकरेल अध्यक्ष सविता तिवारी शामिल हैं।

### समाज की विभूतियों का किया सम्मान

इस अवसर पर समिति द्वारा समाज की विभूतियों का अभिनंदन किया गया। नवागांव की सरपंच प्रसुन्न शुक्ला, महिला बाल विकास विभाग की बाल संरक्षण अधिकारी अनामिका शर्मा का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में बरखा शर्मा, रिंकी मिश्रा, मनीषा दीवान, मधु मिश्रा, आरती मिश्रा, सिंधु मिश्रा, पुष्पांजलि तिवारी, अर्चना तिवारी, रामप्यारी मिश्रा, कौशल मिश्रा, प्रतीक्षा मिश्रा, डॉली मिश्रा, रजनी दुबे, भोली दुबे, सरिता मिश्रा, सुनीता पांडे, संजु मिश्रा, मीनाक्षी मिश्रा, कविता मिश्रा, सविता पांडे, आरती पांडे, दिनेश्वरी पांडे, इंदिरा दुबे, एकता शर्मा, वर्षा शर्मा, सरिता पांडे, रूपा झा, शोभा दुबे, निधि शर्मा, रीना चौबे, कविता पांडे, अनिता चौबे, उषा तिवारी, गौरी शर्मा, निर्मला तिवारी, अंकिता मिश्रा, प्रार्थना पांडे, नीलम शुक्ला, विमला शर्मा, मालती अवस्थी, सुशीला शर्मा, हेमलता शर्मा, वर्णिका रुचि, दिव्या शर्मा, प्रियंका मिश्रा तिवारी, लक्ष्मी शर्मा, प्रीति तिवारी, हिना मिश्रा, अर्चना पांडे, सुभाषिनी शर्मा, हेमलता राजोरिया, आयुषी पांडे, प्रतिमा पांडे, नंदिनी तिवारी, सीमा उपाध्याय, ऋतु शर्मा, सृष्टि दुबे, अनामिका शर्मा, रुद्रिका तिवारी, कान्हा तिवारी, अंकिता मिश्रा, हेमा दुबे, नेहा दुबे, दीक्षा शर्मा, अनामिका शर्मा, प्रसुन्न शुक्ला, भारती दुबे, कुसुम शर्मा, चंद्रकांता, सरोजनी दुबे, प्रभा मिश्रा, मंदाकिनी पांडे, प्रिया मिश्रा, राजश्री पांडे, कमला पांडे, वंदना शर्मा, नीरू जोशी, कल्पना शर्मा, स्वेता दुबे, आयुषी पांडे, माया जोशी, अंजलि पांडेय, ज्योति शर्मा, रश्मि उपाध्याय, उपासना शर्मा, प्रीति द्विवेदी, रत्नावली मिश्रा, रमा दीवान, श्वेता दुबे, राधेश्याम मिश्रा, भूपेंद्र मिश्रा, मुकेश पांडेय, दीप शर्मा, देवेंद्र मिश्रा, विक्रांत शर्मा, पीयूष पांडेय, डिगेश शर्मा, चंद्रमणि शर्मा, अयोध्या पांडेय, जय प्रकाश झा, दीनानाथ पांडेय, समीर पांडेय, राहुल दुबे, नारायण दुबे, दीपक शर्मा, दीपक दुबे, आदर्श शर्मा, रेवती तिवारी, राकेश तिवारी, यश दुबे, राजा शर्मा उपस्थित थे।

## समितियों को और सुदृढ़ बनाकर जिले की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करें : मिश्रा

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्राइमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसायटी (पैक्स) अंतर्गत जिला सहकारी विकास समिति के कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) किसान ई-स्टोर प्रणाली का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस पहल का उद्देश्य किसानों को बीज, उर्वरक, कीटनाशक एवं कृषि उपकरण जैसी आवश्यक सामग्री गुणवत्तापूर्ण और उचित दर पर उपलब्ध कराना है। स्टेट प्रोजेक्टर मैनेजर सुरेंद्रदास ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से बताया कि किस प्रकार सीएससी किसान ई स्टोर के माध्यम से समितियां किसानों को कृषि आदानों की आपूर्ति सुनिश्चित कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इस प्रशिक्षण की शुरुआत धमतरी से की गई है, जो कि एक सराहनीय पहल है। उन्होंने बताया कि समितियां किस प्रकार पोर्टल पर लॉगिन कर कृषि संबंधी उत्पादों का पंजीकरण एवं क्रय-विक्रय कर सकती हैं। इस अवसर पर सीएससी जिला प्रबंधक विनय गिरी उपस्थित थे। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि पैक्स समितियों को बहुउद्देशीय संस्था के रूप में विकसित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि समितियां केवल ऋण वितरण तक सीमित न रहकर कृषि उपकरण, विपणन, बीज एवं उर्वरक वितरण जैसी सेवाएं भी प्रदान करें। उन्होंने कहा कि पैक्स समितियों के माध्यम से जिले के किसानों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकती हैं, जैसे कृषि उपकरणों की आपूर्ति, बीज वितरण, और विपणन सुविधा आदि।

## तीन गर्भवतियों की हुई गोदभराई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

आंगनबाड़ी केंद्र नगरी डीहीपारा बार में सुपोषण चौपाल एवं विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। इस दौरान तीन गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई। कार्यक्रम में पार्षद राजकुमार पवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ऋषि साहू, दीपमणि ध्रुव, चंचल ध्रुव, निशामणि शांडिल्य, गुलसीता साहू, हिना महिलांगे, रेणुका निर्मलकर, फूलेश्वरी विश्वकर्मा, ज्योति साहू, चंद्रिका ध्रुव, दीपिका ध्रुव, तुलसाबाई, कांति लोन्हारे एवं आंगनबाड़ी के बच्चे उपस्थित थे।

PAWAN CONSULTANCY
● MBBS, MS/MD ● BDS, MDS ● BAMS ● BHMS ● BNYS ● BPT ● NURSING ● PARAMEDICAL ● D. PHARMA ● B. PHARMA ● M. PHARMA
● B. Tech, M. Tech., B. Arch, M. Architecture ● AGRICULTURE, FASHION, INTERIOR ● ITI, POLYTECHNIC, FILM INDUSTRY ● BBA, MBA ● LLB, LLM ● BCA, MCA ● VETERINARY ● B.Lib, M.Lib ● Nursery to Class 12th (All subject) ● All Other (B.A. (Hons.) B.Sc., B.Com, BCA, BJMC) ● PHD, NEET, JEE, CAT, PSC, TALLY ADMISSION
We See A DOCTOR in You
"Let's Build Your Medical Career Together"
We Provide Govt., Deemed University, NRI & Management Quota Seat Guidance & Admission
Contact for BSC, MSC Nursing Free Admission In New Raipur
Govt./Pvt. Universities & Collages DCA/PGDCA/ Tally Admission with Job Placements
● Engineering Pharmacy On Upto 100% Scholarship
● Education Loan Facility ● On The Spot Admission
Omkar Palace, Kushalpur Chowk, Ring Road-1, Raipur 492001
Shop No. 28, Ground Floor, Hira Arcade, Pandri, Raipur 492004
9993234534, 8305305366

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
100% CAMPUS PLACEMENT
फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
07389095800, 09300408100

## खबर संक्षेप



### सहकार भारती के पदाधिकारी कृषि मंत्री से मिले

**धमतरी।** सहकार भारती के प्रदेशमंत्री दयाराम साहू, कपिल चौहान, हेमराज सोनी के नेतृत्व में सहकार भारती के जिला अध्यक्ष हिरेंद्र साहू ने अटल नगर रायपुर में रामविचार नेताम कृषि मंत्री से मुलाकात की। धमतरी जिले के महानदी से लगे ग्रामों में अधिक मात्रा में रबी में धान की फसल ली जाती है। आगामी जल संकट को ध्यान में रखते हुए रबी में दलहन, तिलहन फसल हेतु जिले के कृषि विभाग को फसल चक्र परिवर्तन की दिशा में उचित पहल करने, कृषकों की आय दोगुनी करने उचित गुणवत्ता पूर्ण कृषि आदान सामग्री देने, कृषि आधारित उद्योग स्थापित करने खाद्य प्रोसेसिंग यूनिट तथा कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने कृषि मंत्री से चर्चा की गई। कृषि मंत्री ने देश के प्रधानमंत्री के सपनों को पूरा करने व ग्रामीण कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने विशेष मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर नरेश साहू जिला संयोजक पर्यटन एवं संस्कृति सहकार भारती सदस्य भी मौजूद थे।

### युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानुचिब से मिले उपनेता प्रतिपक्ष



- संगठन की मजबूती और चुनावी रणनीतियों पर हुई चर्चा

**धमतरी।** नगर निगम के उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन ने दिल्ली प्रवास के दौरान युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब से मुलाकात की। इस अवसर पर संगठनात्मक मुद्दों, युवाओं की भागीदारी और आगामी चुनावी रणनीतियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान श्री देवांगन ने धमतरी युवा कांग्रेस की गतिविधियों, संगठन की स्थिति और जमीनी स्तर पर पार्टी की पकड़ को लेकर जानकारी दी। उन्होंने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए विभिन्न सुझाव भी दिए। मुलाकात के दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णा मरकाम, प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव उदितनारायण साहू, विधानसभा उपाध्यक्ष हेमप्रकाश साहू, गुलशन देवांगन भी मौजूद थे।

### गणेशजी की मूर्ति बनाने में जुटे मूर्तिकार

**मगरलोड।** गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को है। इसकी तैयारी में क्षेत्र के मूर्तिकार जुट गए हैं। ग्राम मोहंदी में मूर्तिकार रूपेश चक्रधारी ने गणेश जी की मूर्ति बनाने में जुटे हैं। श्री चक्रधारी ने बताया कि उनकी पत्नी रूक्मणि चक्रधारी भी मूर्ति बनाने में सहयोग कर रही है। भक्तों की मांग अनुसार मूर्तियां बनाई जा रही हैं ताकि समय रहते भक्तों को मूर्ति मिल सके। मूर्तिकार ने आगे बताया कि दो माह पहले से ही मिट्टी की मूर्ति बनाने लगे हैं। छोटी मूर्ति की कीमत 351 रूपये से लेकर बड़ी मूर्ति 10 से 12 हजार रूपये तक की है।

दोपहर के बाद शहर का एक्यूआई मानक 300 के पार

# शहर में प्रदूषण का स्तर बढ़ा, दर्जन भर वार्ड चपेट में

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शहर की आबादी बढ़ने के बाद प्रदूषण का ग्राफ भी बढ़ा है जिससे आम लोगों की परेशानी बढ़ रही है। धूल के गुबार से घर, दुकान, कपड़े, भोजन आदि खराब हो रहे हैं। सांस के माध्यम से धूल के फेफड़े में जाने से दमा, ह्दयरोग की समस्या बढ़ रही है। आंखों में जलन, त्वचा में इंफेक्शन हो रही है। शहर के सिहावा रोड, रायपुर रोड, बस्तर रोड, रूद्री रोड, बस स्टैंड के पीछे सहित दर्जनभर वार्ड धूल की चपेट में है। सड़क उखड़ी हुई है। ड्रेन टू ड्रेन सड़क के अभाव में धूल का गुबार 24 घंटे उड़ता है। राइस मिलों व फैक्ट्रियों से निकलने वाले राखड़, धुएं, गाड़ियों से निकलने वाला कार्बन मोनोऑक्साइड पर्यावरण प्रदूषण के ग्राफ को बढ़ रहा है।

प्रोफेसर राकेश साहू (केमेस्ट्री), प्रोफेसर दिनेश्वर सलाम (ज्योग्राफी) ने बताया कि दिन की शुरूआत से लेकर दिन ढलते तक वायु प्रदूषण का स्तर अलग-अलग होता है। वाहनों के चलने से निकलने वाली काली गैस, धूल का गुबार धीरे-धीरे स्तर को बढ़ाते जाते हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि प्रदूषण का स्तर 0 से 50 के बीच एक्यूआई होना चाहिए। यह स्तर स्वास्थ्य के लिए ठीक है। एक्यूआई का स्तर 51-100 का मतलब मध्यम, 101-150 का मतलब संवेदनशील है। 201-300 का मानक शरीर के लिए नुकसान, 300 + एक्यूआई का मानक सबसे ज्यादा खतरनाक है। दोपहर के बाद शहर का एक्यूआई 300 के करीब पहुंच जाता है।

स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसके मंडल ने बताया कि बढ़ते वायु प्रदूषण से फेफड़े व त्वचा के रोग हो जाते हैं। त्वरित निदान नहीं होने पर यह बीमारी जीवनभर पीछा नहीं छोड़ती। ह्दयरोग, कैंसर जैसी बीमारियां भी होती है। प्रदूषण से बचने फुल शर्ट पहनें। दस्तानें लगाएं, चेहरे पर चश्मा, टोपी स्कार्फ बांधे।

# सर्व आदिवासी समाज में पद मनोनयन को लेकर विवाद

- टीकाराम कंवर ने अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष शिशुपाल सोरी ने 4 अगस्त को जिला पंचायत सदस्य टीकाराम कंवर को सर्व आदिवासी समाज धमतरी का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया था। लेकिन समाज में उपजे विवादों और पारंपरिक मूल्यों के उल्लंघन को देखते हुए श्री कंवर ने पद से इस्तीफा दे दिया। अपने त्यागपत्र में टीकाराम कंवर ने लिखा है कि उनका मनोनयन समाज की पारंपरिक प्रक्रिया और प्रजातांत्रिक मूल्यों पर आधारित नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे किसी पद को स्वीकार करना जो समाज की सहमति और मर्यादा के विपरीत हो, उचित नहीं है। इस पूरे घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए सर्व आदिवासी समाज धमतरी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष महेश रावटे ने कहा कि आदिवासी समाज में किसी भी पदाधिकारी का मनोनयन पूरी तरह लोकतांत्रिक प्रक्रिया और सर्वसम्मति से होता है। कुछ लोग व्यक्तिगत और राजनीतिक लाभ के लिए समाज की एकता को खंडित करने का प्रयास कर रहे हैं। महेश रावटे ने यह भी बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में ऐसे मनोनयन और समानांतर संगठनों के खिलाफ विरोध तेज हो गया है। समाज अब ऐसे तत्वों को चिन्हांकित कर उनके विरुद्ध संगठित होकर कार्य कर रहा है।



महेश रावटे

# अरिहंत श्री अपार्टमेंट में मानव जीवन को खतरा

अपार्टमेंट के रहवासियों ने कलेक्टर से मूलभूत सुविधा दिलाने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अरिहंत श्री अपार्टमेंट के निवासियों ने मानव जीवन के संकट में होने की शिकायत कलेक्टर से की है। अपार्टमेंट के निवासी जयेश पटेल, मयूर शाह, गोविंद सोमानी, नितिन बैद, मनोज महावर, ललित जैन, हर्षित, मोतीलाल लूनिया, झामिन सिन्हा ने कलेक्टर को शिकायत ज्ञापन सौंपकर कहा है कि वे अरिहंत अपार्टमेंट आमापारा के निवासी हैं। बिल्डर ने आज तक अपार्टमेंट सोसायटी का गठन नहीं किया है, न ही कोई दस्तावेज उनके पास है। पांच साल से लिखित शिकायत कर रहे हैं। उसके बाद भी सक्षम अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। अपार्टमेंट की दीवार गिरने के बाद यहां की सेप्टिक पाइपलाइन टूट गई है। टैंक भी गिर सकता है। गंदा पानी साग सब्जियों की बाड़ी में जा रहा है। दीवार गिरने के बाद कॉलम की रेत पानी में बहने लगी है। इससे चार मंजिला इस बिल्डिंग पर खतरा मंडराने लगा है। यहां के रहवासी डर के माहौल में जी रहे हैं। अपार्टमेंट के निवासियों का जीवन खतरे में है। अग्निशमन यंत्र पिछले आठ साल से खराब पड़ा है। अरिहंत श्री अपार्टमेंट के निवासियों ने अपार्टमेंट में मूलभूत सुविधा दिलाने की मांग कलेक्टर से की है। अपार्टमेंट के बिल्डर दीपक जैन ने कहा है कि पुराना अपार्टमेंट है जिसे वह बेच चुका है। वहां के रहवासी समिति बनाकर संचालन के लिए कई बार प्रयास कर चुके हैं।

# योग में दिखाया दम : धमतरी की बेटियों ने जीते सिल्वर मेडल



**धमतरी।** कोरबा में आयोजित छठवीं छत्तीसगढ़ स्टेट योगासन स्पोर्टस चैंपियनशिप में धमतरी की सात बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें दो बालिका खिलाड़ियों ने स्पर्धा के दो अलग-अलग इवेंट में सिल्वर मेडल जीता। कोरबा में एक से तीन अगस्त तक छठवीं छत्तीसगढ़ स्टेट योगासन स्पोर्टस चैंपियनशिप आयोजित की गई। इस स्पर्धा में धमतरी से जूनियर वर्ग में 14 से 18 वर्ष की आयु समूह आर्टिस्टिक युगल में रुचि साहू एवं थामेश्वरी साहू, आर्टिस्टिक सिंगल में थामेश्वरी साहू, लेग बैलेंस में दिव्या मंडावी एवं भूमिका पटेल, सब जूनियर वर्ग में रिथमिक, युगल में उर्वशी मीनपाल एवं कुमकुम ध्रुव, आर्टिस्टिक सिंगल में केनिश्का सिंह गौतम ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

आर्टिस्टिक सिंगल इवेंट में थामेश्वरी साहू ने दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए सिल्वर मेडल जीता। वहीं जूनियर वर्ग ग्रुप से आर्टिस्टिक युगल में रुचि साहू और थामेश्वरी साहू ने दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए सिल्वर मेडल जीता। योग प्रशिक्षक उमराव साहू ने बताया कि जिले की बालिका योग खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आने वाले समय में यहां की बालिका खिलाड़ी गोल्ड मेडल जीतकर राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में शामिल होगी। इस स्पर्धा में धमतरी से योग प्रशिक्षक उत्तरा सिंह गौतम, जिला सचिव योगासन स्पोर्टस एसोसिएशन भोजेंद्र साहू उपस्थित थे।

# विद्याकुंज स्कूल के छात्रों ने दिव्यांग एवं बुजुर्गों के साथ मनाया रक्षाबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इस वर्ष भी विद्याकुंज स्कूल लोहरसी के विद्यार्थियों ने सार्थक विद्यालय, श्रवण बाधित बालिका विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ रक्षाबंधन पर्व के पूर्व दिवस एक दूसरे को रक्षासूत्र बांधा। खाद्य सामग्री, स्टेशनरी एवं कपड़ा उपहार में दिया। श्रवण बाधित बालिका विद्यालय में संयुक्त रूप से नशामुक्ति रैली निकालकर नशामुक्त भारत का शुभ संदेश दिया गया। वृद्धाश्रम रुद्री में विद्याकुंज स्कूल के छात्रों ने सुंदर भजन प्रस्तुत किया गया जिससे वृद्धजन बहुत ही आनंदित हुए तत्पश्चात वृद्धजनों को खाद्य सामग्री एवं कपड़ा भेंट किया गया। शाला परिवार द्वारा वृद्ध आश्रम संचालन समिति प्रमुख को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। वृद्धजन अपने बीच बच्चों को देखकर भावुक हो गए। उन्हें अपने परिवार की याद आने लगी।





# सड़क से लेकर घरों तक लहराएगा तिरंगा तीन चरणों में चलेगा तिरंगा कार्यक्रम

## कलेक्टर मिश्रा ने आयोजन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर धमतरी जिले में उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम तीन चरणों में चलाया जाएगा, जिसमें नगर की सड़क से लेकर घर तक तिरंगे की धूम देखने को मिलेगी।

यह आयोजन 2 अगस्त से शुरू हुआ 15 अगस्त तक तीन चरणों में संपन्न होगा, जिसमें राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति की भावना, स्वच्छता और जल संरक्षण को प्रोत्साहित किया जाएगा। यह कार्यक्रम हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' थीम पर केंद्रित होगा, जो नागरिक एकता और सामाजिक जागरूकता का संदेश देगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए संयुक्त कलेक्टर पवनकुमार प्रेमी को नोडल अधिकारी, शहरी क्षेत्रों के लिए के लिए आयुक्त नगर निगम श्रीमती प्रिया गोयल और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव (आईएएस) को नोडल अधिकारी बनाया है। कार्यक्रम तीन चरणों पर होगा। प्रथम चरण में 2 से 8 अगस्त तक विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों की तिरंगा आर्ट से सजावट, रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा इतिहास पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगा राखी निर्माण एवं तीन रंगों के धागों से बुनाई प्रदर्शन, पत्र लेखन प्रतियोगिता होगी।

द्वितीय चरण में 9 से 12 अगस्त तक तिरंगा मेला और तिरंगा कंसर्ट का आयोजन, देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम, बाइक, साइकिल और तिरंगा रैली, खिलाड़ियों, कलाकारों, जनप्रतिनिधियों की सहभागिता होगी। तृतीय चरण में 13 से 15 अगस्त तक शासकीय भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, पुलों आदि पर ध्वजारोहण, रोशनी से सजावट, स्वच्छता एवं जल संरक्षण की गतिविधियां होंगी। सभी शासकीय एवं निजी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, स्व-सहायता समूहों, सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारियों और उनके परिवारों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों एवं जनप्रतिनिधियों को विशेष भूमिका सौंपी जाएगी। स्थानीय स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित तिरंगे की बिक्री हेतु ग्राम पंचायतों, डाकघरों और उचित मूल्य की दुकानों को वितरण केंद्र बनाया जाएगा। टोल नाकों, चेक पोस्टों एवं प्रमुख स्थलों पर पाम्पलेट्स, स्टीकर्स व प्रचार सामग्री का वितरण किया जाएगा।

# आज जिले के 168 स्कूलों में होगी पालक-शिक्षक बैठक

- बच्चों के भविष्य निर्माण में पालक निभाएं सक्रिय सहभागिता : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय विद्यालयों में पालक-शिक्षक बैठक नियमित रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में जिले के सभी 168 शासकीय विद्यालयों में प्रथम पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन 8 अगस्त को प्रातः 10.30 बजे से किया जाएगा। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालय और पालकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सर्वांगीण विकास में सहयोग सुनिश्चित करना है। पालक-शिक्षक बैठक के माध्यम से न केवल विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, बल्कि उनकी अन्य गतिविधियों और व्यवहार की जानकारी भी पालकों तक पहुंचेगी, जिससे सतत प्रेरणा और समय पर मार्गदर्शन मिल सके।



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए जिला और विकासखंड स्तर पर अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने जिले के पालकों से अपील की है कि वे इस बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपने बच्चों की गतिविधियों से अवगत हों और उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु सक्रिय भागीदारी निभाएं। कलेक्टर ने कहा कि पालक-शिक्षक बैठक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप ड्रॉप आउट दर में कमी लाने, परीक्षा के तनाव और अवसाद से विद्यार्थियों को बचाने तथा शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

# परीक्षा की अधिकता से जिले की पढ़ाई व्यवस्था हो रही खराब

- छग टीचर्स एसोसिएशन ने जिला प्रशासन, डीईओ से परीक्षा में सुधार की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





छग टीचर्स एसोसिएशन जिला इकाई धमतरी के अध्यक्ष डॉ भूषणलाल चंद्राकर प्रांतीय कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पारीक, उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, जिला सचिव बलराम तारम, कोषाध्यक्ष रामदयाल साहू, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र कौशल, गेवाराम नेताम, दिनेश कुमार साहू, रमेश यादव ने बताया कि विगत दो वर्ष मिशन अव्वल कार्यक्रम जिला प्रशासन द्वारा चलाया गया जिसमें प्रतिमाह 3 दिन परीक्षा ली जाती थी एवं तीन दिन उसे ऑनलाइन एंट्री की जाती थी जिसके कारण विद्यालय की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित रही।

परिणाम यह रहा कि विगत दो वर्ष तक जिला का परीक्षाफल 10वीं एवं 12वीं में प्रदेश में बीस से 25 वें स्थान पर रहा। टीचर्स एसोसिएशन ने जिला प्रशासन के सामने मांग रखी कि शिक्षकों को पढ़ाई के लिए अधिक से अधिक समय प्रदान किया जाए। त्रैमासिक एवं अद्धार्षिक परीक्षा और प्री बोर्ड परीक्षा का ही आयोजन व्यापक स्तर पर हो। बाकी मासिक मूल्यांकन शिक्षकों के ऊपर छोड़ दिया जाए। इस वर्ष युक्तियुक्तकरण में जिले के शिक्षकों को अन्य जिला भेजा गया है परिणाम स्वरूप जिले में शिक्षकों की कमी हो गई है।

आगे कहा कि जुलाई माह में चार दिन परीक्षा में गुजर गए एवं उन्हें ऑनलाइन एंट्री कर विनोबा ऐप में अपलोड करने निर्देश जारी किया गया है जिसके कारण पढ़ाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जिलाध्यक्ष डॉ भूषण लाल चंद्राकर ने जिला शिक्षा अधिकारी से टेलीफोनिक चर्चा कर प्रत्येक माह परीक्षा के नाम पर 6 दिन की पढ़ाई प्रभावित होने से रोकने की मांग की है। मांग करने वालों में जिला उपाध्यक्ष नंद कुमार साहू, तीरथराज अटल, एनआर बघेल, गणेशप्रसाद साहू, सविता छाटा, बी यदु तुनेश्वरी साहू, परविंदर कौर गिल, डॉ आशीष नायक, कैलाश प्रसाद साहू, टीकमचंद सिन्हा, कैलाश सोन, हरीश कुमार साहू, उत्तम कुमार साहू, धर्मेंद्र साहू, शीतल नायक, भगवती प्रसाद सोनी, राम प्रसाद नाग, शेषनारायण साहू शामिल हैं।

# बोलबम कांवरिया संघ की निकली पोथी यात्रा



**धमतरी।** बोलबम कांवरिया संघ बुढ़ेश्वर महादेव मन्दिर में आयोजित शिव महापुराण कथा पश्चात आयोजित भव्य शोभायात्रा में शामिल हुआ। शोभायात्रा में उपस्थित पण्डित हरिशंकर वैष्णव का नगर घड़ी चौक के पास अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर चेतन हिन्दूजा, रिक्की गनवानी, देवेश अग्रवाल, विशाल रामरख्यानी मौजूद रहे।

### सेजेस कंडेल में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया

**धमतरी।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल में रक्षाबंधन के अवसर पर विशेष सांस्कृतिक गतिविधि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक परिधान में भाग लिया और एक-दूसरे को राखी बांधकर भाई-बहन के अटूट प्रेम का संदेश दिया। विद्यालय में राखी निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### डाभा में शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

मगरलोड। ग्राम डाभा में किशोर निषाद के सानिध्य में शिव भक्त वर्ष 2012 से लगातार कांवर यात्रा निकाल रहे हैं। इस वर्ष 50 शिवभक्त श्रृंगी ऋषि से जल लेकर ग्राम डाभा के माता दन्तेश्वरी चौक में स्वयंभू भगवान भोलेनाथ में जलाभिषेक किया। भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया।







